हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 21 जुलाई 2026
बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

13
सेमराडीह में गर्भवती व शिशुवती माताओं को बांटी पोषण किट



SHRIRAM HOSPITAL
Founded on faith, focused on health
श्रीराम हॉस्पिटल
200 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
रायपुर रोड, लिमाही-बलौदा बाजार (छ.ग.)
(प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ चिकित्सक)



आयुष्मान भारत योजना/स्मार्ट कार्ड/राशन कार्ड, ESIC, BSNL, FCI, CSPDCL एवं समस्त प्रकार के हेल्थ इंश्योरेंस (TPA) द्वारा कैशलेस ईलाज की सुविधा उपलब्ध!
श्रीराम हॉस्पिटल रायपुर रोड, लिमाही-बलौदा बाजार (छ.ग.) 9851322220, 9551322220 SHRI RAM HOSPITAL @srhbalodabazar www.shriramhospitalbb.com

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
21 जुलाई 2026
कूपन नं.
8

B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923
अंतिम तिथि-24/07/26

विकास : पनगांव में बनेगा रेलवे स्टेशन, खैंदा में सजेगा यार्ड

# खरसिया-परमालकसा रेल परियोजना : जिले के 36 गांवों की 849 एकड़ भूमि का होगा अधिग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार


दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वाकांक्षी खरसिया–परमालकसा नई रेल लाइन परियोजना को अब गति मिलने लगी है। परियोजना के तहत बलौदाबाजार जिले के 36 गांवों की लगभग 343.56 हेक्टेयर (848.95 एकड़) भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। प्रभावित भूमि स्वामियों की सूची जारी कर दी गई है तथा दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए 30 दिन का समय निर्धारित किया गया है।

करीब 278 किलोमीटर लंबी इस रेल लाइन का निर्माण 8,741 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। रेलवे मंत्रालय ने परियोजना को वर्ष 2031 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। यह रेल लाइन प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों को बेहतर रेल संपर्क प्रदान करेगी तथा माल एवं यात्री परिवहन को नई गति मिलेगी। परियोजना के तहत ग्राम खैंदा में रेलवे यार्ड, पनगांव में बलौदाबाजार रेलवे स्टेशन तथा रिसदा में सीमेंट परिवहन के लिए विस्तृत रेल अवसंरचना विकसित की जाएगी। इसके लिए इन क्षेत्रों में अपेक्षाकृत अधिक भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित है। निजी भूमि के साथ-साथ आवश्यकतानुसार शासकीय भूमि का भी अधिग्रहण किया जाएगा।

यह रेल परियोजना रायगढ़, जांजगीर-चांपा, सक्ती, बिलासपुर, रायपुर और बलौदाबाजार सहित छह जिलों से होकर गुजरेगी। परियोजना में 21 नए रेलवे स्टेशन, 48 बड़े पुल, 349 छोटे पुल, 14 फ्लाईओवर और 184 अंडरपास का निर्माण प्रस्तावित है। परियोजना पूरी होने के बाद उद्योगों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलेगी, परिवहन लागत में कमी आएगी और क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।






### किसानों को मिलेगा गाइडलाइन से 4 गुना मुआवजा : योगेश अग्रवाल

बलौदाबाजार जिले में प्रस्तावित रेल लाइन बलौदाबाजार, पलारी और लवन तहसील के 36 गांवों से होकर गुजरेगी। इनमें बलौदाबाजार तहसील के 14, पलारी के 13 तथा लवन के 9 गांव शामिल हैं। प्रभावित किसानों और भू-स्वामियों को निर्धारित समयावधि में दावा एवं आपत्ति दर्ज कराने का अवसर दिया गया है।बलौदाबाजार विधायक प्रतिनिधि योगेश अग्रवाल ने बताया कि भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को शासन की प्रचलित गाइडलाइन दर से चार गुना तक मुआवजा दिया जाएगा, जिससे उन्हें उचित आर्थिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि यह परियोजना जिले के औद्योगिक और आर्थिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

सिमगा की चारू ने किया है 19 परीक्षाओं में टाप

# चारू का 15 अगस्त को राष्ट्रपति करेंगी सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

आजाद चौक सिमगा निवासी प्रवीण कुमार पाण्डेय उच्च वर्ग शिक्षक की 23 वर्षीय पुत्री कु. चारु पाण्डेय आज युवाओं की प्रेरणा बन गयी हैं। चारु पाण्डेय नेट जेआरएफ 100 पर्सेंटाइल हैं, व एमए इंग्लिश 100 परसेंट से उत्तीर्ण हैं।

चारु पाण्डेय ने साल 2024 में मात्र 21 वर्ष की आयु में 19 परीक्षाओं में अपने प्रथम प्रयास में ही टॉप 5 में रहते हुए अभूतपूर्व सफलता हासिल कर पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। सेंट्रल गवर्नमेंट की 16 परीक्षाएं और सीजी गवर्नमेंट की 3 परीक्षाएं पास की हैं। चारु पाण्डेय द्वारा पास परीक्षाओं में सेंट्रल गवर्नमेंट की परीक्षाएं जिसमें एसएससी के सभी एग्जाम और रेलवे के ग्रेड ए ग्रेड बी, ग्रेड बी तथा एसबीआई के पीओ मैनेजर, दिल्ली पुलिस एसआई की परीक्षा शामिल हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ गवर्नमेंट की सीजी पुलिस एसआई तथा सीजी पीएससी, सीजी व्यापम की परीक्षाएं भी पास की हैं। इस अभूतपूर्व उपलब्धियों को देखते हुए स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को राष्ट्रपति द्वारा स्वसंज्ञान लेते हुए इन्हें गोल्ड मेडल से सम्मानित करने के लिए सपरिवार राष्ट्रपति भवन आने का निमंत्रण दिया गया है। चारु पाण्डेय मई 2025 से ▸▸ शेष पेज 10 पर

### श्री वाल्मीकि रामायण में कर रही पीएचडी

वर्तमान में अपने ड्रीम जॉब के साथ ही श्री वाल्मीकि रामायण में पीएचडी भी कर रही हैं। चारु पाण्डेय को आज पूरे विश्वभर से पढ़ाई और जॉब के लिए बुलावा आ रहा है। चारु पाण्डेय सोशल मीडिया में आजकल बहुचर्चित नाम है। गूगल ,इंस्टाग्राम ,फेसबुक आदि सभी प्लेटफार्मों के न्यूज में, रिल्स में, वीडियोज में देश विदेश की सभी भाषाओं में सभी समाचार पत्रों में सभी न्यूज चैनलों में चारु पाण्डेय की उपलब्धियों का विस्तार पूर्वक वर्णन किया जा रहा है। चारु की जन्मभूमि सिमगा है और निवास स्थान तिल्दा नेवरा है। उनकी माताजी सुधा पाण्डेय एक गृहणी हैं और पिता प्रवीण कुमार पाण्डेय शिक्षक हैं । चारु के दादा स्व. हीरालाल पाण्डेय भी शिक्षक थे।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री फसल बीमा 31 तक

**बिलाईगढ़।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2026 सीजन के लिए ऋणी एवं अऋणी किसानों के फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। किसान बैंक, सहकारी समिति, लोक सेवा केंद्र और कृषि विभाग के माध्यम से अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते हैं। योजना के तहत कम वर्षा, बाढ़, ओलावृष्टि, जलभराव, आकाशीय बिजली, चक्रवाती वर्षा व अन्य प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान का संरक्षण मिलेगा। उप संचालक कृषि ने बताया कि धान, मक्का, कोदो-कुटकी, रागी, अरहर, उड़द, मूंग व मूंगफली सहित अन्य फसलें शामिल हैं। किसानों को बीमित राशि का केवल दो प्रतिशत प्रीमियम देना होगा।

### जिले में अब तक 446.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 20 जुलाई 2026 तक 446.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 622.5 मिमी, बलौदाबाजार में 559 मिमी, लवन 450.5 मिमी, भाटापारा में 429.8 मिमी, कसडोल 420.3 मिमी, पलारी में 401.3 मिमी, सुहेला 386 मिमी, सिमगा में 282.4 मिमी एवं सोनाखान 366.4 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 4015.8 मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 446.2 मिमी है।

### गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम बेलसोंडा निवासी अशोक चंद्राकर 19 जुलाई की शाम वापस अपने घर जा रहा था। उसी समय रास्ते में रमेश चंद्राकर के घर के सामने चेतन चंद्राकर उसे देखकर गाली गलौज करने लगा। जब अशोक ने गाली गलौज करने मना किया तब रमेश मारपीट की। बीच बचाव करने आए पंचराम चंद्राकर व विष्णु चंद्राकर के साथ भी आरोपी ने गाली गलौज की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# वाहन की ठोकर से अधेड़ की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बंगोली

डीआई की ठोकर से ग्राम मुरा निवासी मनीराम (मुन्ना) पाल पूर्व सरपंच तथा खरोरा राज पाल समाज के अध्यक्ष की मौत हो गई तथा वहीं जामवंत निर्मलकर पिता सुखराम निर्मलकर के हाथ पैर में गंभीर चोटे आई है। जानकारी के अनुसार रविवार विगत रात्रि 8-9 बजे के मध्य ग्राम बंगोली निवासी राहुल निर्मलकर वाहन चालक पिता नरोत्तम (गोलू) निर्मलकर वाहन मालिक बंगोली द्वारा शराब के नशे मे धुत होकर, अनियंत्रित होकर स्वयं की वाहन चला रहा था। इस दौरान मुरा निवासी मनीराम पाल एवं जामवंत निर्मलकर को रोड किनारे खड़े दोनों लोगों को ठोकर मार दी। जिससे मनीराम पाल वहीं अचेत हो गए तथा जामवंत निर्मलकर के हाथ पैर में गंभीर चोटें आई है। घटना के कुछ समय बाद मनीराम पाल की मौत हो गई । वाहन चालक राहुल निर्मलकर घटना होते ही घटनास्थल से गाड़ी छोड़कर भाग गया। उपस्थित ग्रामवासियों ने तुरंत खरोरा पुलिस को घटना की जानकारी दी। खरोरा पुलिस घटना पंजीबद्ध कर वाहन जब्त कर ली है तथा घटना की जॉच जारी है ।दुर्घटना वाहन की जॉच करने पर वाहन मे शराब पाए गए।

## बियासी कार्य में जुटे किसान

**पलारी।** अंचल में शुक्रवार और शनिवार को दिनभर जोरदार बारिश हुई जिससे किसान प्रसन्नचित हो गए हैं, भारी बारिश से खेतों में पर्याप्त पानी भर गया है। वहीं मौसम छटने और बारिश थमते के बाद रविवार को किसान खेतों की ओर रुख किये जहां पारम्परिक तरीके से बियासी प्रारम्भ कर दी है। वहीं रोपाई का कार्य भी आरंभ हो गया है, किसानों का अनुमान है कि खेतों में जरूरत के लायक पानी मिल गया है मौसम साफ रहा तो आने वाले दिनों में कृषि कार्य में तेजी आएगी।



# चिरायु टीम ने किया विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण, स्वस्थ रहने के दिए उपयोगी टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करहीबाजार

बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं उज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला ओटेबंद में स्वास्थ्य विभाग की चिरायु टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों का क्रमवार स्वास्थ्य परीक्षण कर उनके स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक अभिलेख तैयार किए गए। चिकित्सकीय दल ने विद्यार्थियों की आँख, कान, नाक, गला, दांत, त्वचा, सामान्य शारीरिक विकास, वजन, लंबाई एवं पोषण स्तर का सूक्ष्म परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान जिन बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लक्षण पाए गए, उन्हें ▸▸ शेष पेज 10 पर



### पौष्टिक आहार लेने का दिया संदेश

विद्यालय के संस्था प्रमुख कमल कुमार ध्रुव ने कहा कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से बच्चों में होने वाली बीमारियों की समय रहते पहचान हो जाती है, जिससे उनका उपचार शीघ्र संभव हो पाता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल को विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया तथा चिरायु टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का स्वस्थ रहना भी उतना ही आवश्यक है। चिरायु योजना के माध्यम से बच्चों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध होना शासन की सराहनीय पहल है। कार्यक्रम के अंत में स्वास्थ्य दल ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, स्वच्छता बनाए रखने तथा पौष्टिक आहार लेने का संदेश दिया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही।

एसपी गौरव राय ने 10 नई पेट्रोलिंग बाइक को दिखाई हरी झंडी

# ट्रैफिक पुलिस को मिलीं 10 नई पेट्रोलिंग बाइक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिले में यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित और प्रभावी बनाने की दिशा में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने महत्वपूर्ण पहल की है। सोमवार को पुलिस कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने यातायात पुलिस बेड़े में शामिल 10 नई पेट्रोलिंग मोटरसाइकिलों को हरी झंडी दिखाकर गश्त एवं ड्यूटी के लिए रवाना किया। पुलिस विभाग के अनुसार नई मोटरसाइकिलों के शामिल होने से यातायात पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता बढ़ेगी। ट्रैफिक जाम, सड़क दुर्घटनाओं एवं अन्य आपात स्थितियों में पुलिस टीम कम समय में मौके पर पहुंच सकेगी। साथ ही शहर और आसपास के व्यस्त मार्गों, प्रमुख चौराहों तथा दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स पर नियमित एवं सघन गश्त की जाएगी। नई पेट्रोलिंग बाइक से यातायात पुलिस की गतिशीलता बढ़ेगी, जिससे ओवरस्पीडिंग, बिना हेलमेट वाहन चलाने तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा सकेगी। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, उप पुलिस ▸▸ शेष पेज 10 पर






### नियम तोड़ने वालों पर होगी त्वरित कार्रवाई

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी गौरव राय ने कहा कि जिले में लगातार बढ़ रहे वाहनों के दबाव और यातायात संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए पुलिस के पास आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता बेहद आवश्यक है। नई पेट्रोलिंग बाइक से यातायात पुलिस की गतिशीलता बढ़ेगी, जिससे ओवरस्पीडिंग, बिना हेलमेट वाहन चलाने तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा सकेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इस पहल से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

# फीस वृद्धि और महंगे ड्रेस किताबों की होगी जांच




हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलाईगढ़

कलेक्टर एवं जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष पद्मिनी भोई साहू की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की जिला स्तरीय समिति और प्राइवेट स्कूलों में फीस बढ़ोतरी तथा पुस्तक व ड्रेस अधिक मूल्य में बिक्री की शिकायत के लिए निगरानी एवं जांच समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की टीम को जिले के सभी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने सह शाला त्यागी बच्चों व उनके पालक से भेंट मुलाक़ात कर उनके मन में पढ़ाई के प्रति रूचि बढ़ाने के लिए दैनिक जीवन में पढ़ाई की उपयोगिता और रोजगार के अवसर क़ो समझाकर उन्हें प्रेरित करने तथा स्कूलों में मध्यान्ह भोजन निर्माण में एलपीजी गैस चूल्हा का उपयोग करने के ▸▸ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### जिले में 20 कैच द रेन महाअभियान का अयोजन

बलौदाबाजार। भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय के निर्देशानुसार कैच द रेन अभियान मोर गांव मोर पानी अंतर्गत जिले में अनेक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में 20 जुलाई से 4 अगस्त 2026 तक्र किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार 20 जुलाई को जल संकल्प दिवस में जल संकल्प, वाहन फ्लैग ऑफ, बुधवार 22 जुलाई को हर पंचायत-जल पंचायत अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में जलचौपाल, जल बजट चर्चा, जल स्त्रोतों का सामाजिक मानचित्रण, दीवार लेखन, नारे लेखन, ग्राम जल संरक्षण कार्ययोजना का प्रदर्शन,शुक्रवार 24 जुलाई को युवा एवं विद्यालय जल जागरूकता दिवस अंतर्गत प्रभात फेरी, जल रैली, मानव श्रृंखला, चित्रकला, निबंध, भाषण, विज्ञान मॉडल, जल प्रश्नोत्तरी, /"एक विद्यार्थी-एक संदेश अभियान, सोमवार 27 जुलाई को श्रमदान एवं जलस्त्रोत संरक्षण दिवस में तालाब, कुआँ नाला एवं अमृत सरोवर सफाई, श्रमदान, जल निकासी मार्ग सुधार, सोख्ता गड्ढा निर्माण प्रदर्शन, सामुदायिक सफाई अभियान, बुधवार 29 जुलाई को हरित जल दिवस में जलग्रहण क्षेत्रों में वृक्षारोपण , पौधा गोद लेने का अभियान, वर्षा जल संरक्षण हेतु पौधारोपण, किसान जलसंवाद, शुक्रवार 31 जुलाई को तकनीकी जल संरक्षण दिवस अंतर्गत रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग, रिचार्ज पिट बोरवेल रिचार्ज, सोख्ता निर्माण, तकनीकी प्रदर्शन, जल संरचनाओं का निरीक्षण एवं लाइव डेमो, सोमवार 3 अगस्त को जनभागीदारी महोत्सव में साइकिल पदयात्रा, जलदौड़, जलमेला, जल संरक्षण प्रदर्शनी, उत्कृष्ट ग्राम पंचायत सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंगलवार 4 अगस्त को जल संरक्षण के कार्य जैसे आजीविका उबरी, नवा तरिया के कार्यों की सफलता की कहानिया का प्रकाशन होगा।

## पेज 9 के शेष

### चारू का 15...

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक सीएजी की चेन्नई ऑफिस में असिस्टेंट ऑडिट ऑफिसर पद पर पदस्थ हैं। भारत सरकार द्वारा उन्हें देश का एकमात्र बेस्ट एएओ का सम्मान दिया गया है। डिपार्टमेंटल एग्जाम जिसमें पूरे देश से केवल 1 ही व्यक्ति चयन होता है उसे पास कर चारु ने सालभर के अंदर ही प्रमोशन प्राप्त कर लिया है। अब ऑडिट ऑफिसर के पद पर विशाखापत्तनम में पोस्टेड होंगी।

### चिरायु टीम ने किया ...

आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श देने के साथ आगे के उपचार के लिए संबंधित स्वास्थ्य केंद्र में रेफर किया गया। इस अवसर पर चिरायु टीम ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, हाथ धोने की सही आदत, संतुलित एवं पौष्टिक भोजन, नियमित व्यायाम, स्वच्छ पेयजल के उपयोग तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बच्चों ने भी चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी जिज्ञासाओं के समाधान प्राप्त किए।

### ट्रैफिक पुलिस को...

अधीक्षक (यातायात) संजय साहू, उप पुलिस अधीक्षक राजेश श्रीवास्तव, रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर, एमटीओ प्रभारी नायर सहित जिला पुलिस एवं यातायात शाखा के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### फीस वृद्धि और..

निर्देश दिए। जिले के प्राइवेट स्कूलों में स्कूल फीस वृद्धि, पुस्तक और ड्रेस में कीमत ज्यादा होने की शिकायतों की प्रभावी निगरानी एवं प्राप्त शिकायतों का परीक्षण, छत्तीसगढ़ शासकीय विद्यालय एवं फीस विनियम विधेयक 2020 के तहत कार्यवाही करने के लिए कलेक्टर ने जिला स्तरीय निगरानी समिति ब्लॉक स्तरीय जांच दल को निर्देश दिए। इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत, एसडीएम, जिला एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खाद्य अधिकारी, जिला प्रबंधक खाद्य नागरिक आपूर्ति, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# श्रीकृष्ण-रूक्मिणी विवाह प्रसंग सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ग्राम केशला के प्रभात फेरी चौक में केशला में समस्त देवांगन परिवार की ओर से आयोजित हो रही भव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिवस सोमवार को कथावाचक भागवत पंडित लक्ष्मीकांत उपाध्याय रायपुर वाले ने कथा प्रसंग में पवित्र व्यास गद्दी से द्वारिका प्रवेश, जरासंघ वध, फूल की होली गोपी गीत युगल गीत, कंस वध और रुक्मणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि, हमारा मन ही मथुरा है और यह तन ही गोकुल है। यदि भगवान को पाना चाहते हो तो मन को मथुरा बना लो। जिसका मन पवित्र हो जाता है वह मथुरा बन जाता है। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों द्वारा कृष्ण-रुक्मणी विवाह से जुड़ी मनोहारी झांकी प्रस्तुत की गई। जिसे देख पूरा पंडाल श्रीकृष्ण के जयकारे से गुंजायमान हो उठा। इस दौरान भजन गीतों के सुरों में सभी श्रोता झूमने लगे। कथा व्यास ने कहा कि भगवान पर अटूट विश्वास होना चाहिए, यदि अटूट विश्वास है तो भगवान हर स्थिति में अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। इस दौरान श्रीकृष्ण-रूक्मिणी का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर कथा श्रवण करने आए भागवत प्रेमियों ने जमकर पुष्प वर्षा की। साथ ही विवाह के मंगल गीत गाते हुए नृत्य भी किए। इस मौके पर कृष्ण-रूक्मिणी विवाह की आकर्षक झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। तो वहीं संगीतमय कृष्ण भजनों पर रसिक श्रोताओं ने खूब ठुमके लगाए।

### श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का छठवां दिन



#### कृष्ण-रूक्मिणी विवाह प्रसंग सुनाया

कथावाचक पंडित पंडित लक्ष्मीकांत उपाध्याय कृष्ण-रूक्मिणी विवाह प्रसंग पर बोलते हुए कहा कि, श्रीकृष्ण के साथ हमेशा देवी राधा का नाम आता है। भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं में यह दिखाया भी था कि राधा और वह दो नहीं बल्कि एक हैं, लेकिन देवी राधा के साथ श्रीकृष्ण का लौकिक विवाह नहीं हो पाया। देवी राधा के बाद भगवान श्रीकृष्ण की प्रिय देवी रूक्मिणी हुईं। रूक्मिणी और कृष्ण के बीच प्रेम कैसे हुआ इसकी बड़ी अनोखी कहानी है। इसी कहानी से प्रेम की नई परंपरा की शुरुआत भी हुई। देवी रूक्मिणी विदर्भ के राजा भीष्मक की पुत्री थी। रूक्मिणी अपनी बुद्धिमता, सौंदर्य और न्यायप्रिय व्यवहार के लिए प्रसिद्ध थीं। रूक्मिणी का पूरा बचपन श्रीकृष्ण के साहस और वीरता की कहानियां सुनते हुए बीता था। जब विवाह की उम्र हुई तो इनके लिए कई रिश्ते आए लेकिन उन्होंने सभी को मना कर दिया। उनके विवाह को लेकर माता-पिता और भाई चिंतित थे। बाद में रूक्मिणी का श्री कृष्ण से विवाह हुआ।

## पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य कर रहे मनमानी

# समिति प्रस्ताव, बिना नवप्रवेशी छात्रों से 450 रुपए शुल्क लेने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

विकासखंड मुख्यालय स्थित पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में नियमों को ताक पर रखकर बच्चों से अवैध वसूली का मामला सामने आया है। स्कूल के प्राचार्य द्वारा बिना शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के किसी भी वैध प्रस्ताव के प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं से जबरन शासन द्वारा निर्धारित शुल्क से अतिरिक्त 450 रुपए शुल्क लिया जा रहा है। जिसके लिए बाकायदा प्राचार्य द्वारा लिखित आदेश भी जारी किया गया है। जबकि शासन के निर्देशानुसार हाई स्कूल में 410 रुपए व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयो में 445 रुपए शुल्क लेने का ही प्रावधान है। जिस पर स्कूल प्राचार्य की इस मनमानी से पालकों में भारी आक्रोश है। मिली जानकारी के अनुसार नए शैक्षणिक सत्र में दाखिला लेने पहुंच रहे छात्रों के पालकों से फॉर्म और दाखिले के नाम पर सीधे 450 रुपए के अतिरिक्त शुल्क की मांग की जा रही है। जब कुछ जागरूक पालकों ने इस शुल्क का आधार पूछा और शाला विकास समिति के प्रस्ताव की मांग की तो स्कूल प्रबंधन कोई ठोस जवाब नहीं दे सका। जिस पर पालकों द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पास लिखित में शिकायत किया गया है। उक्त शिकायत में पालकों का आरोप है कि बिना किसी आधिकारिक बैठक या प्रस्ताव के यह मोटी रकम वसूली जा रही है, जो सीधे तौर पर शासन के नियमों का उल्लंघन है।




### नियमों को ठेंगा दिखा रहे जिम्मेदार

नियमों के मुताबिक शासकीय आत्मानंद विद्यालयों में किसी भी प्रकार का प्रबंधन व विकास शुल्क या अन्य फंड लेने के लिए शाला विकास एवं प्रबंधन समिति की बैठक बुलाकर बाकायदा प्रस्ताव पास करना अनिवार्य होता है। समिति द्वारा पालकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहमति के बाद ही कोई निर्णय लिया जाता है। लेकिन कसडोल आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य ने इन सभी प्रक्रियाओं को दरकिनार कर अपनी मर्जी से शुल्क तय कर दिया और शुल्क लेना भी शुरू कर दिया।

### पालकों ने की जांच और कार्रवाई की मांग

इस अवैध तरीके से लिये जा रहे शुल्क को लेकर पालकों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी से शिकायत की है। पालकों का कहना है कि एक तरफ सरकार आत्मानंद स्कूलों में मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का ढिंढोरा पीट रही है वहीं दूसरी तरफ जमीनी स्तर पर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की जेब पर डाका डाला जा रहा है। पालकों ने मांग की है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की जाए, वसूली गई रकम पालकों को वापस दिलाई जाए और दोषी प्राचार्य पर तत्काल सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई कर बर्खास्त किया जाए।

### समिति भंग हो

23/04/2026 को शाला विकास समिति की बैठक में प्रस्ताव रखा गया था। उसके बाद समिति भंग हो गई है। रसीद छपने के लिए दी गई है, आ जाएगी।

-वी.आर.मंडलेश्वर, प्राचार्य

### मिली है शिकायत

पालकों से शिकायत प्राप्त हुई है, जिसकी जांच की जाएगी। समिति के प्रस्ताव को देखा जाएगा। गलत पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

-अरविंद ध्रुव
विकासखंड शिक्षा अधिकारी, कसडोल

### अतिरिक्त 450 रुपए की वसूली

विद्यालय में शाला प्रबंधन समिति के नाम पर जो अतिरिक्त 450 रु शुल्क लिया जा रहा है, वह बिल्कुल गलत है। हमारे द्वारा किसी भी बैठक में यह प्रस्ताव नहीं किया गया है। उक्त मामले की शिकायत जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय बलौदाबाजार में कर जांच की मांग की गई है।

गणेश शंकर साहू
अध्यक्ष, शाला प्रबंधन विकास समिति

# केशला में माता पहुचनी महोत्सव उमड़ी आस्था की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ग्राम केशला स्थित मां शीतला माता मंदिर में तीसरे आषाढ़ के अवसर पर पारंपरिक माता पहुचनी कार्यक्रम श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। केशला महामाया समिति के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर परिसर शाम से ही भक्तों की भीड़ से गुलजार रहा और माता के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।श्रद्धालु कतारबद्ध होकर माता शीतला के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा, अच्छी फसल तथा क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते रहे। श्रद्धालुओं के हाथों में पूजा थाली, ठंडाई, चना दाल, हल्दी, नीम पत्ती, दीपक और अगरबत्ती सहित पूजन सामग्री थी। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पहुचनी का विशेष महत्व है और यह परंपरा वर्षों से गांव की आस्था का केंद्र बनी हुई है।

ग्रामीणों ने बताया कि आषाढ़ माह में आयोजित माता पहुचनी कार्यक्रम गांव को महामारी और विपत्तियों से सुरक्षित रखने की लोकमान्यता से जुड़ा हुआ है। पूजा-अर्चना के बाद माता के सेवक बैगा द्वारा श्रद्धालुओं पर ठंडे जल का छिड़काव किया गया, जिसे आशीर्वाद और रक्षा का प्रतीक माना जाता है।

### श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए

धार्मिक परंपरा के अनुसार माता की विशेष पूजा-अर्चना, नारियल अर्पण एवं विधि-विधान से आराधना की गई। इसके पश्चात ढोल, मंजीरा और पारंपरिक गाजे-बाजे की मधुर धुनों के बीच माता पहुचनी की रस्म संपन्न हुई। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन भी हुआ, जिसमें श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। पूजन के बाद मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। स्वयंसेवकों ने सेवा भाव से प्रसाद वितरण की व्यवस्था संभाली, जिससे आयोजन सुव्यवस्थित और सफल रहा। पूरे कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सौहार्द, भाईचारा और धार्मिक एकता की सुंदर झलक देखने को मिली। ग्रामवासियों ने बताया कि माता पहुचनी का यह आयोजन वर्षों पुरानी परंपरा का हिस्सा है और हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचकर गांव की सुख-समृद्धि और सभी के मंगलमय जीवन की कामना करते हैं।

# मोहरा के शीतला मंदिर में माता पहुंचनी मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

ग्राम मोहरा स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में माता पहुंचनी पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं का मंदिर में तांता लगा रहा। महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर माता शीतला के दर्शन किए तथा पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।पर्व के अवसर पर मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों एवं आकर्षक सजावट से सजाया गया था। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। दूर-दराज के ग्रामीण भी इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुए। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तिमय वातावरण बना रहा और जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।आयोजन को सफल बनाने में सेवा समिति एवं ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं व्यवस्था के लिए स्वयंसेवकों ने भी अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति ने धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। ग्रामीणों ने बताया कि माता पहुंचनी पर्व गांव की परंपरा और आस्था का महत्वपूर्ण उत्सव है, जिसे हर वर्ष पूरे उत्साह और श्रद्धा

### बिनौरी में हर्षोल्लास व श्रद्धा के मना माता पहुंचनी पर्व

हरिभूमि न्यूज पलारी । ग्राम पंचायत बिनौरी में माता पहुंचनी हर्षोल्लास के साथ मनाया ग्रामीण शीतला माता मंदिर एकत्र होकर गांव की सुख शांति समृद्धि के लिए कामना की गई। महामाया मंदिर, शीतला माता की सेवा में ग्राम बिनौरी में सभी ग्रामीण मातृशक्ति गण सेवा समिति झाझर के सांथ माता की सेवा की। इन दौरान सरपंच किरण सनकुमार साहू, सालिक साहू, जंतराम साहू, छेदू राम साहू, भगाऊं यादव, रामलाल धीवर, श्याम रतन यादव, गेंद राम साहू, बुधारु साहू, भारत ध्रुव, सनत, सिया राम साहू, दानेश ठाकुर, प्रेम सिंह साहू, बालाराम साहू, भारत सेन, नोहर साहू, दुर्गेश यादव, गजराज वर्मा, लक्ष्मण ध्रुव, ललिया धीवर, बल्ला यादव सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



# जिले में पैडी ट्रांसप्लांटर विधि से धान रोपाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कृषि विभाग एवं शासन की योजनाओं के सहयोग से जिले के कृषक अब परंपरागत तरीके को छोड़कर पैडी ट्रांसप्लांटर के माध्यम से धान की रोपाई कर रहे हैं। इससे रोपाई में लगने वाला समय कम हुआ है साथ ही उत्पादन में भी वृद्धि दर्ज की जा रही है। कृषकों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक तकनीक- वर्तमान खरीफ सीजन में विकासखंड पलारी के ग्राम सकरी (स) के प्रगतिशील कृषक लेखराम साहू और बहोरन साहू द्वारा अपने खेत में पैडी ट्रांसप्लांटर से धान की रोपाई की जा रही है।कृषक श्री लेखराम साहू ने बताया कि पहले मजदूरों से रोपाई करवाने में 2-3 दिन लग जाते थे और 5000-6000 प्रति एकड़ खर्च आता था।



अब ट्रांसप्लांटर से 1 एकड़ की रोपाई मात्र 2-3 घंटे में हो जा रही है और लागत भी लगभग 2000 कम हो गई है। सीधी लाइन में रोपाई होने से पौधों की ग्रोथ भी अच्छी है। पैडी ट्रांसप्लांटर के लाभ- दिन में 6-8 एकड़ तक रोपाई संभव,मजदूरी एवं समय दोनों की बचत, रोपाई के समय मजदूरों की अनुपलब्धता की समस्या दूर हुई। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पौधे से पौधे व कतार से कतार की दूरी बरकरार रखने व 12 से 15 दिन का पौधा का रोपण करने से उत्पादन में वृद्धि होती है साथ ही कीट व्याधि कम लगती है।

## 42 छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिल

# शासकीय हाई स्कूल देवरीकला में शाला प्रबंधन समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल देवरीकला में दिनांक 20 जुलाई को अध्ययनरत विद्यार्थियों के पालकों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमे समिति के अध्यक्ष पद पर अजय कुमार यदु का सर्वसम्मति से चयन किया गया, जबकि यशोदा बंजारे को उपाध्यक्ष बनाया गया। समिति के सदस्यों में तोरण दास वैष्णव, अंजली पैकरा, उपसरपंच देवराज सोनी, मनरखन केवट, पार्वती पैकरा, संत राम पतले, दरस बाई सहित अन्य सदस्यों का चयन किया गया। शिक्षक सदस्य के रूप में पालेश्वर प्रसाद पुरैना को मनोनीत किया गया।





बैठक में अप्रवेशी बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन सुनिश्चित करने, विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने तथा छात्र-हित और विद्यालय विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक एवं निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कक्षा 9वीं की पात्र छात्राओं को सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना के तहत साइकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कुल 42 छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य अरुण कुमार साहू, शांति निर्मलकर, गोवर्धन प्रसाद साहू, रानू साहू, कुमारी रत्ना वर्मा, राहुल साहू, दुगेश्वर वैष्णव, रामदयाल पैकरा सहित समिति के पदाधिकारी, प्राध्यापक, पालकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### छात्राओं को मिली साइकिल, खिले चेहरे

सेल। सरस्वती निःशुल्क सायकल वितरण योजना के तहत शा उच्च मा विद्यालय मोहतरा में कक्षा 9वीं की 67 बालिकाओं को सायकल वितरण किया गया। इससे अब छात्राओं को विद्यालय पहुंचे में कम समय लगेगा और उन्हें सुविधा होगी। इस अवसर पर छात्राओं के पालक शैलकुमारी मानिकपुरी रामखिलावन राम कुमार दयाराम केवंट सुनीता टंडन भारत केवंट, सूर्यकांत जगत आदि उपस्थित रहे । संस्था के प्राचार्य चूड़ामणि साहू ने कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन ने बेटियों को मुफ्त में सायकल दे रही है। बेटियों का सुविधा के लिए सायकल दी जा रही है, जिससे आने जाने में किसी प्रकार का परेशानी न हो। अतिथियों ने बच्चों को समय पर विद्यालय पहुंचने व निरंतर अध्ययन हेतु प्रेरित किया। सायकल वितरण प्रभारी श्रीमती उर्वशी मोहन द्वारा उपस्थित सभी छात्राओं को सायकल बांटी गई। इस अवसर पर विद्यालय के फुलवा खूंटे, कुसुम जायसवाल, देवेंद्र खूंटे, राजू बसौड़, ललिता पुरेना, नेतराम, शशिकला साहू आदि स्टाफ उपस्थित रहा।





# सेमराडीह में गर्भवती व शिशुवती माताओं को बांटी पोषण किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, कुकुरदी सीमेंट वर्क्स के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा सोमवार को ग्राम सेमराडीह के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 में गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के लिए पोषण किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 16 महिलाओं को चना, सोयाबीन, गुड़, मूंगफली और खजूर सहित पौष्टिक खाद्य सामग्री से युक्त पोषण किट प्रदान की गई। कंपनी के अनुसार अभियान की शुरुआत 18 जुलाई को ग्राम ढनढनी से हुई थी। छह ग्रामों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के आधार पर कुल 130 गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को चरणबद्ध तरीके से पोषण किट वितरित की जा रही है।

अभियान का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाना, कुपोषण व एनीमिया की रोकथाम करना तथा महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करना है। सीएसआर प्रमुख राजेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि स्वस्थ माताएं और बच्चे ही सशक्त समाज की आधारशिला हैं।

## सीएसआर के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता अभियान जारी



### मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुधार पर विशेष जोर

ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुधार के लिए कंपनी लगातार प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में सरपंच प्रमिला वर्मा, पंच उत्तरा बाई ध्रुव, राजेश्वरी बघेल, गायत्री वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में सीएसआर टीम के दया वर्मा, परमेश्वर साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

**महासमुंद।** रायपुर से अपने ग्राम आमाकोनी जा रहे एक बाइक चालक की ट्रक की टक्कर से मौत हो गई। घटना में बाइक में सवार एक युवक घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी पवन कुमार यादव का लड़का चेतन यादव और भतीज टोकेश्वर यादव के साथ 19 जुलाई को मोटर सायकल डिलक्स क्र सीजी 04 क्यूई 3695 से रायपुर से घर वापस आ रहा था। दोपहर करीब 2.40 बजे बोरियाझर मोड़ के पहले एनएच 353 रोड के पास बागबाहरा की ओर से आ रहे ट्रक क्र केए 01 एजे 1666 के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट में चेतन यादव की सिर में गंभीर चोट लगने से मृत्यु हो गई वहीं टोकेश्वर यादव के सिर में चोट आई।

### सप्ताहभर में बना देवेंद्र का डुप्लीकेट लाइसेंस

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जनहितकारी पहल सीएम हेल्पलाइन आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण का प्रभावी माध्यम बनकर उभरी है। एक कॉल पर लोगों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। इसका एक सकारात्मक उदाहरण तब देखने को मिला, जब बलौदाबाजार जिले के निवासी देवेंद्र सिंह को डुप्लीकेट ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने में आ रही परेशानी का समाधान मात्र एक सप्ताह के भीतर मिल गया। देवेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने समस्या के समाधान के लिए सीएम हेल्पलाइन 1076 में अपनी सुविधानुसार जिले के परिवहन विभाग में अपनी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत प्राप्त होते ही परिवहन विभाग द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई और एक सप्ताह के भीतर ही उनका डुप्लीकेट ड्राइविंग लाइसेंस जारी कर दिया गया।

### आज हनुमान चालीसा का पाठ करेगी आप

**महासमुंद।** प्रदेशभर की सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में आम आदमी पार्टी 21 जुलाई (मंगलवार) को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ करेगी। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रदेश और देश में शांति, सद्भाव, सकारात्मक सोच, नैतिक मूल्यों और जनसेवा की भावना को मजबूत करने का सामूहिक संकल्प होगा।

## जर्जर सड़क : 3 साल से मांग अधर में, मजदूर और स्कूली छात्र भुगत रहे खामियाजा

# बलौदाबाजार-सिमगा मार्ग पर ओवरलोड वाहनों ने उजाड़ी सड़क, दर्जनों गांवों के लोग हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रिसदा

बलौदाबाजार से सिमगा को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग इन दिनों बदहाली के आंसू रो रहा है। पूरी सड़क जर्जर हो चुकी है और इस पर जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढों के कारण राहगीरों, वाहन चालकों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही बारिश ने स्थिति को और अधिक गंभीर बना दिया है। गड्ढों में पानी भर जाने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों में प्रशासन के खिलाफ भारी नाराजगी व्याप्त है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पिछले तीन वर्षों से वे लगातार इस सड़क के नवीनीकरण और मरम्मत की मांग कर रहे हैं, लेकिन लोक निर्माण विभागकी उदासीनता के कारण अब तक कार्य शुरू नहीं हो सका है। समय रहते पैचवर्क या मरम्मत नहीं होने से सड़क पूरी तरह से उखड़ चुकी है। इस मार्ग के बदहाल होने का सबसे अधिक असर रोजी-रोटी के लिए रोजाना सफर करने वाले मजदूरों, स्कूल-कॉलेज आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों पर पड़ रहा है।



### ओवरलोड वाहनों ने किया सड़क का कबाड़ा

ग्रामीणों ने सीधे तौर पर आरोप लगाया है कि क्षेत्र में संचालित सीमेंट संयंत्रों तक कच्चा माल और तैयार सीमेंट की ढुलाई करने वाले भारी एवं कथित तौर पर ओवरलोड वाहनों की अंधाधुंध आवाजाही के कारण ही यह मुख्य सड़क तेजी से क्षतिग्रस्त हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, शाम ढलते ही इस मार्ग पर ओवरलोड ट्रकों और ट्रेलरों का रेला शुरू हो जाता है, लेकिन परिवहन और पुलिस विभाग की ओर से इन पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती, जिससे इनके हौसले बुलंद हैं।

### दर्जनों गांवों ने दी आंदोलन और हादसे की चेतावनी

सुहेला, नवापारा, हथबंद, पड़कीडीह, करहीचांडी, सेमराडीह, रिसदा, कोकड़ी सहित आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सड़क के गड्ढों की तत्काल मरम्मत कराने, स्वीकृत नवीनीकरण कार्य को जल्द शुरू कराने तथा ओवरलोड वाहनों के खिलाफ खनिज व परिवहन विभाग से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने सुध नहीं ली, तो बारिश के इस मौसम में कभी भी कोई बड़ा और जानलेवा हादसा हो सकता है।

## सिमगा में निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा सिमगा में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। रथयात्रा में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा के सुसज्जित रथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पूरे मार्ग में जय जगन्नाथ के जयघोष, भजन-कीर्तन तथा ढोल-नगाड़ों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु नृत्य-कीर्तन करते हुए भगवान के रथ के साथ चलते रहे। मार्ग को फूलों से सजाया गया था, वहीं घर-घर दीप प्रज्वलित कर एवं रंगोली बनाकर भगवान का भव्य स्वागत किया गया। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित सभी वर्गों के लोगों ने रथयात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। यात्रा के दौरान भगवान श्री जगन्नाथ का रथ ब्राह्मणपारा स्थित ओमप्रकाश शर्मा के निवास पर विश्राम हेतु पहुंचा, जहां श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। पूरे नगर में आस्था, उल्लास और धार्मिक उत्सव का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।

## डॉ. खम्हन दास आईआईटी भिलाई में सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



राष्ट्रीय आविष्कार अभियान (आरएए) के तहत समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ द्वारा आईआईटी भिलाई में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का पांचवां एवं अंतिम चरण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। पांच चरणों में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विज्ञान एवं गणित शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार आधारित शिक्षा तथा प्रयोगात्मक शिक्षण कौशल से सशक्त बनाना था।

प्रशिक्षण में प्रदेश के सभी जिलों से चयनित विज्ञान एवं गणित शिक्षक एवं व्याख्याता शामिल हुए। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवनी के व्याख्याता डॉ. खम्हन दास भास्कर ने सहभागिता कर जिले का गौरव बढ़ाया। उनकी सक्रिय भागीदारी और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई।

समापन समारोह में आईआईटी भिलाई के निदेशक डॉ. राजीव प्रकाश ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, तार्किक दृष्टिकोण और नवाचार विकसित करने की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डिजिटल शिक्षण संसाधन, प्रयोगशाला आधारित गतिविधियों, मॉडल निर्माण तथा नवाचार परियोजनाओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रतिभागी शिक्षकों ने इसे अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। उनका कहना था कि प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान विद्यालयों में विज्ञान एवं गणित शिक्षण को अधिक प्रभावी, रोचक और कौशल आधारित बनाने में सहायक होगा तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

## नपं खरोरा में नवनियुक्त एल्डरमैन ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



नगर पंचायत खरोरा के डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन में नवनियुक्त एल्डरमैन बिसौहा देवांगन, भोलाराम यादव एवं गुरजीत कौर भाटिया का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह के अतिथि गण अनुज शर्मा, विधायक धरसीवां। रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष वेदराम मनहरे रहे। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के सहप्रभारी डॉ. अमिन खान, रश्मि वर्मा जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी रायपुर ग्रामीण सुनीता अनिल सोनी, अध्यक्ष नगर पंचायत खरोरा सुमित कुमार सेन, उपाध्यक्ष नगर पंचायत ओम प्रकाश सिंह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत खरोरा सहित समस्त पार्षदगण, अधिकारी/कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नवनियुक्त एल्डरमैन को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तिल्दा के द्वारा विधिवत शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने नवनियुक्त एल्डरमैन को शुभकामनाएं देते हुए उनसे नगर के विकास, जनहित एवं सामाजिक समरसता के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि जनप्रतिनिधियों एवं एल्डरमेन के समन्वित प्रयासों से नगर पंचायत खरोरा के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

## डॉ. खूबचंद बघेल की 127वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई

# डॉ. खूबचंद बघेल को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्नदृष्टा एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. खूबचंद बघेल की 127वीं जयंती रविवार को गौरव पथ स्थित डॉ. खूबचंद बघेल चौक में उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने छत्तीसगढ़ महतारी और डॉ. खूबचंद बघेल अमर रहें के जयघोष लगाए। कार्यक्रम में सर्व कुर्मी समाज के जिलाध्यक्ष टेशुलाल धुरंधर ने डॉ. बघेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाने के साथ छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की मांग को सशक्त रूप से उठाया। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, समानता और भाईचारे के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किए। डॉ. बघेल विधायक, राज्यसभा सांसद, साहित्यकार और प्रखर समाज सुधारक भी रहे। मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की राज प्रधान सुनीता वर्मा, नगर अध्यक्ष हेमंत टिकरिहा, सेन समाज के हरिशंकर सेन, पटेल समाज के राधेश्याम पटेल, कुम्हार समाज के संतोष चक्रधारी, सतनामी समाज के देवचरण मनहरे तथा चंद्राकर समाज के विकास चंद्राकर सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल हुए। वक्ताओं ने डॉ. बघेल के बताए मार्ग पर चलते हुए सामाजिक समरसता, प्रेम, सद्भाव और मनखे-मनखे एक समान के संदेश को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन, जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता, शिक्षक एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### 31 जुलाई तक किसान करा सकेंगे ई-स्टैक पंजीयन

**हिरमी रावन।** क्षेत्र के किसान 31 जुलाई तक ई-स्टैक किसान पंजीयन करा सकेंगे। धान खरीदी सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए यह पंजीयन आवश्यक होगा। जानकारी के अनुसार अब केवल नंबरदार या मुखिया किसान का पंजीयन पर्याप्त नहीं होगा। यदि एक ही खाते में एक से अधिक हिस्सेदार किसान हैं, तो प्रत्येक किसान को अलग-अलग ई-स्टैक किसान पंजीयन कराना अनिवार्य रहेगा। पहले केवल नंबरदार का पंजीयन किया जाता था। लेकिन नई व्यवस्था के तहत सभी हिस्सेदार किसानों का अलग-अलग पंजीयन जरूरी कर दिया गया है। पंजीयन के लिए किसानों को अपना आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका तथा आधार से लिंक मोबाइल नंबर लेकर नजदीकी चॉइस सेंटर, सीएससी सेंटर अथवा संबंधित सहकारी समिति में पहुंचना होगा। अधिकारियों ने किसानों से अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते पंजीयन कराने की अपील की है। निर्धारित समय सीमा तक पंजीयन नहीं कराने वाले किसानों को भविष्य में धान विक्रय एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए सभी पात्र किसानों से 31 जुलाई से पहले ई-स्टैक किसान पंजीयन पूर्ण कराने का आग्रह किया गया है।

### सब्जी मंडी के पास से स्कूटी चोरी

**महासमुंद।** सब्जी मंडी बागबाहरा के पास से स्कूटी चोरी होने के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि नेतराम देवांगन 17 जून को स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीजे 8037 से महासमुंद से ग्राम साल्हेभांठा जा रहा था। करीब 11 बजे सब्जी बागबाहरा के पास स्कूटी को खड़ी कर बाजार गया था, वापस लौटने पर उक्त जगह पर स्कूटी नहीं थी, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## निधन

### जवाहिर देवांगन

**पलारी।** स्थानिय निवासी जवाहिर



देवांगन का निधन विगत दिनों हो गया उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किय गया। जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे किराना दुकान व्यवसायी शत्रुहन देवांगन, दिनेश देवांगन के पिता व तुलाराम देवांगन के भाई थे।

### मणीराम पाल मुन्ना

**बंगोली।** ग्राम मूरा निवासी मणीराम



पाल मुन्ना (पूर्व सरपंच) 53 वर्ष का निधन दिनांक 20 जुलाई दिन सोमवार को हो गया जिसकी अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम मे किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग उपस्थित होकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। मृतक पूर्व सरपंच, पाल समाज खरोरा राज के अध्यक्ष थे। वे नागेश्वरी पाल के पति, रोहन पाल, लोकेश पाल के पिता थे।

# बेटियां सीख रहीं कराटे, जूडो और बॉक्सिंग के गुर, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दे रहे ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत बालिकाओं को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जिले के पांच चयनित विद्यायलों में स्कूली बालिकाओं को एक माह का आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण संचालित की जा रही है। यह प्रशिक्षण मिनीमाता शासकिय कन्या उच्चतर माध्यध्यमिक विद्यालय कसडोल, शासकिय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली, स्वामी आ. अग्रेजी माध्य. विद्यालय सोनाखान, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्य. विद्यालय बोरसी 'ब', शासकीय प्री. मैट्रिक अनु.जाति बालिका छात्रावास कसडोल में संचलित किया गया प्रशिक्षण का उद्देश्य बालिकाओं को शारीरिक मानसिक सामाजिक रूप से मजबूत एवं सशक्त बनाना ताकि वे किसी भी खतरे का सामना कर सकें। आत्मरक्षा प्रशिक्षण में मार्शल आर्ट जैसे जूड़ो, कराटे, मुक्केबाजी शामिल हैं, जो महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए आवश्यक कौशल सिखाते है। प्रशिक्षण का संचालन ब्लैक बेल्ट धारक, अंतरराष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खिलाड़ियों एवं अनुभवी मास्टर ट्रैनर संजय कुमार, कमल पटेल, सुश्री उमा कर्ष के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान की जा रही है।

### जिले में छात्राओं को दिया जा रहा 1 माह का आत्मरक्षा प्रशिक्षण





#### ब्लैक बेल्ट ट्रेनर दे रहे प्रशिक्षण

आत्मरक्षा कौशल आकस्मिक एवं विपरित परिस्थितियों से लड़ने के लिए स्वंय में आत्मविश्वास जागाता है प्रतिभागियों को विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे वे किसी भी आपातकालीन अथवा प्रतिकूल परिस्थिति में स्वंय की सुरक्षा करने में सक्षम बन सके। प्रशिक्षणके दौरान प्रतिभागियों को आत्मरक्षा के प्रभावी दांव-पेंच, मानसिक सजगता, आत्माविश्वास, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता तथा बालिका सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी अधिकारों एवं हेल्पलाईन की जानकारी भी प्रदान की जा रही है।



## लोकार्पण : साइकिल से बेटियों की शिक्षा को मिलेगा नया प्रोत्साहन

# शिवरतन ने स्कूल में 4 अतिरिक्त कक्षों का किया लोकार्पण, छात्राओं को बांटी साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रामसागरपारा स्थित शासकीय उच्च माध्यमिक / पूर्व माध्यमिक / प्राथमिक शाला में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने विद्यालय परिसर में नवनिर्मित 04 अतिरिक्त कक्षों का फीता काटकर लोकार्पण किया। इन नए कक्षों के बनने से अब विद्यालय में छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो सकेगा और कक्षाओं में व्याप्त भीड़भाड़ की समस्या दूर होगी। इसके साथ ही उन्होंने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत छात्राओं को सायकल वितरित कीं। सायकल पाक कार्यक्रम के दौरान 02 अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कार्य के लिए शिवरतन शर्मा ने विधिवत भूमिपूजन भी किया।

शिवरतन शर्मा ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे ये नवाचार निश्चित रूप से हमारे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। शिवरतन शर्मा ने कहा विशेषकर बेटियों को सायकल मिलना उन्हें शिक्षा के प्रति और अधिक प्रोत्साहित करेगा। सायकल मिलने से दूरस्थ अंचल की बेटियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी, जिससे बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और ड्रॉपआउट रेट में कमी आएगी। विद्यालय परिवार ने शिवरतन शर्मा के इस सहयोग और मार्गदर्शन के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर व्यास यदु, नरेंद्र यदु, सुनील यदु, बंटी टंडन, अशोक साहू, विद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मी यदु, शिक्षकगण, स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, पालकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### सुतिउरकुली स्कूल में 20 छात्राओं को मिली साइकिल



**बिलाईगढ़।** शिक्षा को बढ़ावा देने और छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुतिउरकुली में 20 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। साइकिल प्राप्त करते ही छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया। साइकिल वितरण कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, सरपंच, शिक्षक एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही। अतिथियों ने छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि साइकिल मिलने से छात्राओं को दूरस्थ क्षेत्रों से विद्यालय पहुंचने में आसानी होगी, जिससे उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी और समय की भी बचत होगी। अभिभावकों ने भी इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे बेटियों की शिक्षा को नया संबल मिलेगा। साइकिल पाकर छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। उन्होंने कहा कि अब उन्हें स्कूल आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी और वे अधिक नियमितता के साथ अपनी पढ़ाई कर सकेंगी। यह पहल छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।



# बेंदरी में सामुदायिक भवन निर्माण का इन्द्र साव ने किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

ग्राम बेंदरी में आदिवासी समाज के सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन विधायक इंद्र साव ने किया। इस भूमिपूजन कार्यक्रम में गांव के वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक जन एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम वासियों और सामाजिक जन को संबोधित करते हुए विधायक इंद्र साव ने कहा कि लंबे समय से आदिवासी समाज के लोगों की यह मांग थी जो अब पूरी होने जा रही है। यह भवन सिर्फ आदिवासी समाज ही नहीं अन्य समाज के लिए भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह भवन केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं होगा, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का केंद्र बनेगा। इस अवसर पर टेकसिंह ध्रुव पूर्व सदस्य जिला पंचायत, राधेचरण छेदईहा, पूर्व सरपंच संतु ध्रुव, जागेश्वर मरावी, लोकराम वर्मा सरपंच प्रतिनिधि, मुरीत छेदईहा, मंसा राम छेदईहा, दरस राम ध्रुव, तीज राम ध्रुव, दुखीत राम वर्मा, रविशंकर वर्मा, भगतू यादव, जेठूराम ध्रुव, रामदुलार ध्रुव, देवनाथ ध्रुव, धनेश्वर ध्रुव, ईश्वर ध्रुव, कुलेश्वर ध्रुव सहित ग्राम वासी काफी संख्या में उपस्थित थे।

#### सामुदायिक भवन सामाजिक एकता का मजबूत आधार

विधायक साव ने आगे कहा कि समाज को जोड़ने और अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाने में सामुदायिक भवनों की भूमिका सबसे अहम होती है और यह भवन निर्माण होने के पश्चात आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को और अधिक मजबूत करेगा। इसके पूर्व विधायक साव का ग्राम बेंदरी पहुंचने पर आदिवासी समाज के लोगों ने पारंपरिक रूप से उनका स्वागत किया,विधायक ने ग्राम वासियों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र का चौमुखी विकास उनका संकल्प है और आने वाले समय में इस गांव में और भी विकास कार्य कराएंगे।

# शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुए हेमंत श्रीवास



हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं नवाचारी योगदान के लिए शिक्षक हेमंत श्रीवास को राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा आयोजित स्व. श्री हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान-2026/" से सम्मानित किया गया। रायपुर में आयोजित समारोह में हरिभूमि समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी मुख्य अतिथि रहे। देशभर से प्राप्त लगभग 700 आवेदनों में से पारदर्शी चयन प्रक्रिया के बाद उनका चयन किया गया। यह सम्मान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। उनकी उपलब्धि पर शाला परिवार, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं।

# मप्र-छग के बीच सहमति की बाध्यता खत्म होने पर भाटापारा के पेंशनरों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

पेंशनरों के महंगाई राहत के लिए मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों की सहमति की बाध्यता को समाप्त किए जाने की घोषणा से छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा एवं जिला शाखा बलोदा बाजार भाटापारा के पेंशनरों में हर्ष व्याप्त है। धारा 49 (6) के अंतर्गत दोनों राज्यों की सहमति को समाप्त किए जाने हेतु छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा के पेंशनर अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल, जिला अध्यक्ष प्रकाश जाधव,संरक्षक दिलीप सिंह बिसेन, प्रांतीय संगठन सचिव कमल नारायण यदु एवं पूर्व जिला अध्यक्ष जामवंत वर्मा ने राज्य उत्सव 2024 के प्रथम दिवस 4 नवंबर 2024 को रायपुर में डॉक्टर मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश एवं विष्णु देव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम से धारा 49 की अनिवार्यता को समाप्त किए जाने बाबत तृतीयवर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी के साथ उनके हाथ में ज्ञापन सोपा गया था जिसे दोनों महानुभावों द्वारा शीघ्र ही उस पर निर्णय लिए जाने का आश्वासन मिला था। इसी तरह पिछले साल मानसून सत्र के दौरान विधानसभा की कार्यवाही देखने गए प्रतिनिधि मंडल द्वारा भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को जिले के मंत्री माननीय टंक राम वर्मा के माध्यम से ज्ञापन देकर धारा 49 की अनिवार्यता समाप्ति हेतु ध्यान आकर्षित कराया गया था। इस प्रकार विभिन्न पेंशनर संघों के सार्थक प्रयासों से अब जाकर पूरे 26 वर्षों बाद यह सफलता प्रदेश के पेंशनरों को मिली है। शासन के इस निर्णय पर प्रसन्नता एवं आभार व्यक्त करते हुए संघ के पदाधिकारी गण डॉक्टर डीपी मनहर प्रांताध्यक्ष, रतनलाल कैवर्त्य प्रांतीय महासचिव, तहसील अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल, जिला अध्यक्ष प्रकाश जाधव, दिलीप सिंह बिसेन, जामवंत वर्मा, तारण सिंह ठाकुर, घनश्याम पटेल, कमल नारायण यदु, रमेश वर्मा, परेटन लाल साहू, सुरेश बाजपेई, अशोक पंत, गिरधारीलाल वर्मा, सेवाराम वर्मा, कल्याण सिंह ठाकुर एवं राधा चरण शुक्ल ने केंद्र के समान बकाया दो प्रतिशत की राहत राशि को भी शीघ्र ही देय तिथि से घोषित करने की मांग किया है।

# कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से की भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सेन के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक से सौजन्य भेंट कर उनका पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने गार्डन चौक स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के स्मृति चबूतरे को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने के मामले में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए दोषियों की शीघ्र पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही संबंधित विभाग के माध्यम से क्षतिग्रस्त स्मृति चबूतरे की तत्काल मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कराने का आग्रह किया गया, ताकि स्मृति स्थल की गरिमा बनी रहे और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल को मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विक्रम पटेल, प्रभारी महामंत्री छल्ला साहू, शहर महामंत्री नीरज बांधे, मोहन साहू, भेनू प्रसाद साहू, नेता प्रतिपक्ष सलमान शेख, पार्षद सुभाष राव, रविंद्र नामदेव, मंडल अध्यक्ष गोल्डी मरईया, शाश्वत यादव, हेमंत ठाकुर सहित शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 5 लाख तक की शिकायत बिल्कुल निशुल्क

# उपभोक्ता जागरूकता शिविर में ग्रामीणों को बताए अधिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

ग्राम पंचायत पुरैना खपरी के पंचायत भवन में जिला उपभोक्ता आयोग बलौदाबाजार द्वारा उपभोक्ता जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में ग्रामवासियो को उपभोक्ता कानूनो सम्बंधित जानकारी दिया गया। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्षा रंजना दत्ता, सदस्यगण हरजीत सिंह चावला एवं शारदा सोनी ने ग्रामवासियो को उनके अधिकारों व हितों की विस्तृत जानकारी दी एवं जागरुकता सम्बंधित पम्पलेट का वितरण किया। उनके द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण वस्तु एवं सेवाएं प्राप्त करना उनका कानूनी अधिकार है। उपओक्ताओं को किसी वस्तु की कीमत, गुणवत्ता की जांच, मात्रा की जांच, सेवा व संविदा शर्तें, बीमा, भेडिकल क्लेम फाइनेंस कंपनियां, बैंक, यातायात वाहन, आनलाइन खरीददारी सोच समझकर करनी चाहिए। उपभोक्ता कानूनों के बारे में जानकारी दी नई व बताया गया कि व्यक्ति जन्म से ही उपभोक्ता होता है। उपभोक्ता, सेवा में कमी से संबंधित शिकायत जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष कर सकता है। वाहन कम्पनियो द्वारा ग्राहकों से की जा रही ठगी के सम्बन्ध में भी जागरूक किया गया। शिकायतों में लगने वाले शुल्क के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यदि उपभोक्ता शिकायत का मूल्य पाँच लाख तक हो तो उस पर कोई शुल्क नहीं लगता है शिकायत निःशुल्क रहती है। ई फाइलिंग व ई हियरिंग के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया है कि आयोगों के समक्ष शिकायत अब ई फाइलिंग के माध्यम से ऑनलाइन ही की जाती है जो कि अब अनिवार्य हैं इसके लिए उपभोक्ता ई आगृति पोर्टल का उपयोग कर सकते हैं। उपभोक्ताओं को अपना पक्ष रखने के लिए बहस हेतु आयोग के समक्ष उपस्थित होना जरूरी नहीं है उपभोक्ता अपनां पक्ष या बहस ई हियरिंग के माध्यम से ऑनलाइन कहीं से भी कर सकते हैं यह सुविधा जिला उपभोक्ता आयोग बलौदाबाजार सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में प्रारंभ हो चुकी है।



#### प्रश्नों का हुआ समाधान, विधि विशेषज्ञों ने दी जानकारी

इस उपभोक्ता शिविर में उपस्थित ग्राम वासियो के द्वारा उपभोक्ता कानूनों तथा ई फाइलिंग व ई हियरिंग से संबंधित पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। शिविर में रिसोर्स पर्सन के रूप में आमंत्रित अधिवक्ता राजनारायण त्रिपाठी ने उपभोक्ता आयोग द्वारा लगाये जा रहे जागरुकता शिविर की सराहना करते हुए उपस्थितजनोश से उपभोक्ता संरक्षरण कानून का लाभ लेने की अपील की तथा उपभोक्ताओं के हितो एवं आयोग द्वारा विभिन्न प्रकरणों में किये गये आदेशों के बारे में बताया। उपभोक्ता जागरूकता शिविर के दौरान आयोग के कर्मचारीगण दिनेश शर्मा, राजेश्वर इंग्ले, अधिवक्तागण में अधितक्ता संध बलौदाबाजार के अध्यक्ष शारिक खान, दीपक पटेल, राजकुमार पात्रे, एवं ग्राम के सरपंच, पंच एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

